प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. हाथरस भगदड़ मामले में आज लखनऊ में न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए नारायण सरकार हरि : आयोग ने करीब सवा दो घंटे तक की पूछताछ।
2. केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के लिए एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक की, कर राशि जारी की : उत्तर प्रदेश को मिले सबसे अधिक 31 हजार 962 करोड़ रुपये।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में विद्यार्थियों से किया संवाद : कहा– भारत के डीएनए में ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी।
4. शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर आज प्रदेशभर के देवी मंदिरों मं उमड़े भक्त : मुख्यमंत्री ने नवमी पर घोषित किया सार्वजनिक अवकाश।

और

5. अयोध्या में दीपोत्सव पर प्रदेश सरकार 25 लाख से अधिक दीप जलाकर बनायेगी नया रिकार्ड : 30 हजार वॉलेटियर्स संभालेंगे जिम्मेदारी।

————————

हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ के मामले में आज नारायण सरकार हरि लखनऊ में न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए। न्यायिक आयोग ने सूरज पाल से करीब सवा दो

घंटे तक पूछताछ की। हाथरस में दो जुलाई को नारायण हरि के सत्संग में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गयी थी। हादसे की जांच के लिए प्रदेश सरकार ने न्यायिक आयोग का गठन किया था। नारायण सरकार के वकील ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जांच कमेटी को सीसी टीवी के फुटेज और वीडियो उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए वो पूरा सहयोग कर रहे हैं। बाइट.........

*मैने नामजद जो लोग थे, नामजद किया है सीसी टीवी फुटेज दिया है, जो उनके फोटो थे वो दिये है, नाम दिया, पता दिया, एड्रेस दिये हैं। सब कुछ हमने सौपा है। अब उन्हें जांच करना है।, अब आगे का प्रोसेस जो होगा, वो हाथरस में होगा।*

—————————

केंद्र सरकार ने आज राज्य सरकारों के लिए एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की। वित्त मंत्रालय के अनुसार, आगामी त्योहारों और राज्यों के पूंजीगत व्यय में तेजी लाने तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक अग्रिम किस्त जारी की गई है। उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 31 हजार 962 करोड़ रुपये जारी किये गये। दूसरे और तीसरे नम्बर पर बिहार और मध्य प्रदेश को ये राशि दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह अग्रिम किस्त हमारे त्योहारी

सीजन की तैयारियों को बढ़ावा देगी और पूरे राज्य में विकास और कल्याणकारी पहलों को गति देगी।

————————

गोरखपुर में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रथम बैच के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। उन्हाने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.......

*मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि अपार संभावनाओं से परिपूर्ण हमारे युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। आवश्यकता है खुद को वैश्विक स्तर के अनुरूप तैयार करने की। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है, जो प्रकृ ति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए।*

*गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

————————

प्रतापगढ़ के कुंडा में सी ओ जिया उलहक हत्याकांड मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी 10 दोषियों को उम्र कैद को सजा सुनाई है। कल आये फैसले में अदालत ने सभी दोषियों को एक लाख पचपन हजार रुपए हर्जाने के रूप में भरने को भी कहा है। हरजाने की रकम मृतक ज़िया उल हक की पत्नी परवीन आजाद को दी जाएगी।

—————————

ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामोद्योग उद्यमी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत पुरस्कार पाने के लिए के लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। ये आवेदन वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए आमंत्रित किए गए हैं। कानपुर के जिला और परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार देता है। इसी क्रम में विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्र की वित्त पोषित इकाईयों को रोजगार, उत्पाद और गुणवत्ता के आधार पर पुरस्कार दिए जाते हैं।

—————————

टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का आज शाम वरली स्थित शमशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। आज दिनभर हज़ारों लोगों ने नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए। टाटा समूह को वैश्विक स्तर पर लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रतन टाटा ने कल 86 वर्ष की आयु में मुंबई के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने

निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि भारत के प्रख्यात उद्योगपति, पद्म विभूषण श्री रतन टाटा जी का निधन अत्यंत दुःखद है, उनका जाना उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

—————————

पूर्व रक्षामंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की आज दूसरी पुण्यतिथि है। इस अवसर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज सैफई में उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ सांसद डिंपल यादव, शिवपाल यादव समेत पार्टी के कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्हें श्रृद्धांजलि दी।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर आज प्रदेशभर के देवी मंदिरों मं भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मिर्जापुर के शक्तिपीठ विन्ध्याचल धाम, बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ और सीतापुर के नैमिषारण्य समेत प्रदेश के अन्य देवी मंदिरों में दर्शन और पूजन का सिलसिला जारी है। भारी भीड़ को देखते हुए शक्तिपीठों में सुरक्षा के खास इंतजाम किये गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न संगठनों की मांग पर आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य के लिये नवमी पर कल सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने आज शाम को गोरखपुर में अष्टमी पर पूजन और हवन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में दर्शन किये। देवीपाटन शक्तिपीठ में सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट..

*तुलसीपुर नगर में स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर अष्टमी तिथि को प्रातः काल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारों में लगकर दर्शन पूजन कर रहे हैं पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंच रहे है। शुभ मुहूर्त होने के कारण लोगों द्वारा मुंडन, अन्नप्राशन जैसे सामाजिक कर्मकांड भी संपन्न कराए जा रहे हैं। वहीं सिद्ध पीठ की मान्यता होने के कारण बड़ी संख्या में लोग यहां धार्मिक, तांत्रिक अनुष्ठान भी सम्पन्न कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है पूरे परिसर का सीसीटीवी कैमरे से निगरानी किया जा रहा है। रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी सामचार, बलरामपुर।*

———————

अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली दीपावली पर भव्य और दिव्य दीपोत्सव आयोजित होगा।

**प्रदेश सरकार इस बार छोटी दीपावली पर अयोध्या के 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीप जलाकर सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने का प्रयास करेगी। डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल को इस आयोजन की ज़िम्मेदारी दी गई है। पेश है एक रिपोर्ट....**

*रामलला की नगरी अयोध्या की राम की पैड़ी के 55 घाटों पर 25 लाख दीए प्रज्ज्वलित करने के लिए 28 लाख दीए बिछाये जाएंगे। इसके लिए 30 हजार स्वयंसेवक तैनात किए जायेंगे। विश्वविद्यालय परिसर सहित 14 महाविद्यालय, 37 इण्टर कालेज, 40 एनजीओ के स्वयंसेवक इसमें हिस्सा लेंगे। राम की पैड़ी के सभी घाटों पर दीयों में 90 हजार लीटर सरसों का तेल लगेगा। 26 अक्टूबर से घाटों पर दीए की खेप पहुंचनी शुरू हो जायेगी। 27 अक्टूबर से स्वयं सेवकों द्वारा घाटों पर दीए बिछाने के साथ 30 अक्टूबर को दीए प्रज्ज्वलित करके विश्व रिकार्ड बनायेंगे। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————

**लखनऊ में 4 अक्टूबर से शुरू हुई 42 वीं अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू पुरुष आमंत्रण प्राइज मनी हॉकी प्रतियोगिता अब अपने अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। लीग मुकाबलों के बाद उत्तर प्रदेश एकादश, इंडियन ऑयल, कैग दिल्ली और मुंबई कस्टम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कल सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का फाइनल 12 अक्टूबर को होगा।**

**(समाप्त)**